आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 21.02.2025 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री-सोल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत एक वैश्विक ऊर्जा के रूप में उभर रहा है और इसके लिए हर क्षेत्र में ऊर्जावान नेताओं की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप की स्थापना विकसित भारत की यात्रा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

दो दिवसीय सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव एक प्रमुख मंच के रूप में काम करेंगे, जहां राजनीति, खेल, कला और मीडिया, आध्यात्मिक दुनिया, सार्वजनिक नीति, व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र जैसे विविध क्षेत्रों के लोग अपनी प्रेरणादायक जीवन यात्राओं को साझा करेंगे।

लैपटॉप वितरण समारोह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खाते में लैपटॉप की राशि जारी की। राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल स्थित प्रशासन अकादमी में हुआ। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 2023-24 में कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में 224 करोड़ रूपये की राशि जारी की । प्रत्येक प्रतिभाशाली विद्यार्थी

को 25 हजार रुपये की राशि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लैपटॉप खरीदने के लिये दी गयी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की दुनिया में इंटरनेट बहुत जरूरी है। ये लैपटॉप पढ़ाई में बहुत हेल्प करेगा।

जैविक खेती कार्यशाला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मध्यप्रदेश में जैविक खेती-पद्धतियां और मूल्य संवर्धन विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। यह कार्यशाला राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान, भोपाल में कृषि विभाग द्वारा आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जैविक खेती के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है और उसे प्रोत्साहन देने के लिए हर संभव मदद करेगी। उन्होंने सुझाव दिया कि जैविक उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए मेलों का आयोजन किया जाना चाहिए, जैसे कि वन मेला, कार्तिक मेला और व्यापार मेला होते हैं, वैसे ही जैविक उत्पाद मेला भी आयोजित किया जाए, ताकि लोगों में जागरूकता फैलाई जा सके.

जीवन रक्षक प्रशिक्षण

केंद्र सरकार ने अचानक दिल का दौरा पड़ने से बढ़ती मौतों को रोकने के लिए 9वीं कक्षा के पाठ्यक्रम में प्रारंभिक जीवन रक्षक प्रशिक्षण शामिल करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय कौशल विकास, उद्यमिता और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस संबंध में व्यापक प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करने के लिए एक बैठक बुलाई है।

मौसम

प्रदेश में मौसम ने करवट बदल ली है। प्रदेश के अधिकतर जिलों में तापमान बढ़ने लगा है। हालांकि आज से एक बार फिर मौसम में बदलाव आने के संकेत है। दिन-रात का पारा फिर से लुढ़केगा। मौसम विभाग ने तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने का अनुमान जताया है। भोपाल-ग्वालियर में बादल छा सकते हैं, जबकि इंदौर, उज्जैन में आसमान साफ रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, फरवरी के आखिरी दिनों में मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा।

समाचार संक्षेप में....

1. शिवपुरी जिले की तहसीलों में जनपद स्तर पर सिक्युरिटी गार्ड की भर्ती के लिए 24 फरवरी से 7 मार्च तक शिविर आयोजित किए जाएगें।

2. छिंदवाड़ा में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मोहखेड़ के आरोग्य केन्द्र खुनाझिर कला में मानसिक स्वास्थ्य शिविर एवं जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया.

3. रतलाम नगर को स्वच्छ बनाने के लिए अमानक पॉलीथिन व डिस्पोजल पूर्णतया प्रतिबंध के तहत 4 चाय दुकानदारों से डिस्पोजल जब्त कर जुर्माने की कार्यवाही की गई। और

4. खजुराहो में संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र लोधी और खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने आदिवर्त संग्रहालय के दूसरे चरण का लोकार्पण किया ।